54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.5°c
अधिकतम 23.9 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:58, सूर्यास्त - 6:08 | वर्ष : 54/ अंक : 45 | रविवार, 15 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

परम शत्रु से भी ज्यादा घातक है ...गलत दिशा में भटकता हुआ आपका मन...

**कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था : मोदी**

वो दिन भी... क्या दिन थे......










54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.5°c अधिकतम 23.9 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:58, सूर्यास्त - 6:08 | वर्ष : 54/ अंक : 45 | रविवार, 15 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

परम शत्रु से भी ज्यादा घातक है ...गलत दिशा में भटकता हुआ आपका मन...

कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था : मोदी



वो दिन भी... क्या दिन थे......

# घस्सम-घस्सा के चुनाव में दसवीं बार प्रमोद त्यागी बने बार अध्यक्ष

## सुरेंद्र मलिक महासचिव व चौधरी चंद्रवीर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज

**मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)।** जिला बार संघ का चुनावी मुकाबला तिकोना हो गया और इस घस्समघस्सा के मुकाबले में प्रमोद त्यागी ने अध्यक्ष और सुरेंद्र मलिक ने महासचिव पद पर कब्जाकर चुनावी पंडितों को चौंका दिया। प्रमोद त्यागी ने 59 और सुरेंद्र मलिक ने 191 वोटों के भारी अंतर से मुकाबला जीता। सुबह से देर शाम करीब आठ बजे तक चली मतगणना पर तमाम लोग नजर गड़ाए बैठे रहे। अध्यक्ष पद के मुकाबले में मौ.अंजुम खान दूसरे और पूर्व अध्यक्ष अनिल जिंदल तीसरे स्थान पर पहुंच गए। कोषाध्यक्ष पद पर नीशुकांत शर्मा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चंद्रवीर चौधरी ने जीत दर्ज की।

जिला बार संघ के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में आज नतीजे की घड़ी थी। इसके लिए सुबह से ही मतगणना स्थल पर अधिवक्ताओं की भीड़ जमा थी। अधिवक्ताओं के साथ आम नागरिक भी इन नतीजों पर नजर गड़ाए हुए थे। दिन भर चली थकाऊ गणना के बाद देर शाम करीब आठ बजे नतीजों का ऐलान किया गया। इसमें प्रमोद त्यागी ने अध्यक्ष पर पर 59 वोटों के अंतर से कब्जा किया। अध्यक्ष पद के दावेदारों में विजयी प्रमोद त्यागी को 602, मौ. अंजुम खान को 543, पूर्व अध्यक्ष अनिल जिंदल को 508, सुरेंद्र पाल मैनवाल को 177 और अर्जुन सिंह को 57 वोट मिले।

महासचिव पर पर सुरेंद्र कुमार मलिक ने 587 वोट लेकर 191 मतों से जितेंद्र कुमार 396 को पराजित किया। नवाब अली चौधरी 350, प्रदीप कुमार मलिक 412 और विकास त्यागी 138 वोटों पर रहे।

वरिष्ठतम उपाध्यक्ष चंद्रवीर चौधरी ने 680 वोट लेकर 203 मतों के अंतर से कब्जा किया। ईश्वर चंद त्यागी को 477, धर्मेंद्र कुमार पुंडीर को 336 व नरेंद्र सिंह कश्यप को 322 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पर पर नीशुकांत शर्मा ने 620 वोट लेकर 72 वोटों से मुनव्वर हुसैन 548 को पराजित किया। सुधीर कुमार चौहान को 412, अमित कुमार जैन को 133 तथा सुभाष चंद्र गर्ग को 127 वोट प्राप्त हुए।

मतगणना के दौरान प्रमोद त्यागी पहले राउंड में ही 39 वोट लेकर बढ़त बना चुके थे। इस राउंड में अंजुम खान 30 और अनिल जिंदल 22 वोटों पर थे। महासचिव पर पर सुरेंद्र कुमार मलिक ने 41 वोटों से खाता खोला और दूसरे नंबर पर प्रदीप कुमार मलिक 23 रहे। प्रमोद त्यागी की बढ़त लगातार कायम रही। दसवें राउंड में जरूर प्रमोद त्यागी 307 के मुकाबले मौ. अंजुम खान 303 कुछ नजदीक आते दिखाई दिए। 11वे राउंड में फिर प्रमोद त्यागी थोड़ा आगे निकले तो 12 वें राउंड में मौ. अंजुम खान 365 वोटों के साथ फिर प्रमोद त्यागी 373 के नजदीक आते दिखे। इसके बाद फिर प्रमोद त्यागी आगे निकल गए। इसके बाद सभी राउंड में प्रमोद त्यागी की बढ़त में इजाफा होता रहा। महासचिव पद पर सुरेंद्र मलिक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चौ.चंद्रवीर सिंह ने शुरू से जो बढ़त कायम की थी, वह अंत में भारी अंतर से दोनों ने विजय हासिल कर गुट की ताकत बढ़ाई।



### ढोल और फूल मालाओं से मना जीत का जश्न

**मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)।** देर शाम नतीजे घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों को समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया और ढोल की थाप पर नाचते हुए जीत का जश्न मनाया। प्रमोद त्यागी ने कहा कि वे सभी अधिवक्ताओं को साथ लेकर वकीलों के सम्मान की रक्षा के साथ बार और बैंच के बीच बेहतर रिश्ते कायम रखने का प्रयास करेंगे। नतीजों के ऐलान के बाद कचहरी में जीत का जश्न था। विजयी अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, महासचिव सुरेंद्र मलिक व वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौ.चंद्रवीर सिंह समेत तमाम प्रत्याशियों ने जीत का जश्न मनाया। समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए फूल मालाओं से उन्हें लाद दिया। इस मौके पर प्रमोद त्यागी ने कहा कि यह जीत सभी अधिवक्ताओं को समर्पित है। वे सभी को साथ लेकर अधिवक्ता समाज का सम्मान कायम रखने और बार व बेंच के बीच बेहतर रिश्ते कायम रखने का काम करेंगे।

# नहीं मान रहे असामाजिक तत्व, हिन्दू युवती के साथ जीआईसी मैदान में मिला मुस्लिम युवक

**मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)।** वैलेंटाइन डे पर हिंदू संगठनों के लठ का खौफ इतना रहा कि दिन में होटलों और रेस्टोरेंटों पर प्रेमी जोडे नजर नहीं आए। शाम के समय राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में प्रेमालाप करते

**जीआईसी मैदान पर लद्दावाला के शादाब को पकड़कर पुलिस को सौंपा, युवक की हुई पिटाई तो युवती बताने लगी उसे भाई**

एक लड़के और लड़ी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में पता चला कि लड़की हिंदू है और युवक मुस्लिम। इसके बाद युवक लद्दावाला निवासी शादाब के मुहं पर थप्पड़ पडे तो प्रेमिका उसे भाई बताने लगी। लेकिन शाम को जीआईसी मैदान में भाई के साथ क्या करने गई थी, इसका उसके पास कोई जवाब नहीं था।



हिंदू संगठनों की इतनी सख्ती के बाद भी असामाजिक तत्व वैलेंटाइन डे पर शाम के समय गवर्नमेंट कॉलेज के मैदान पर अलग-अलग संपर्क के युवक युवती प्यार की पींगे लगाते मिले। कुछ लोगों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने वहां पर पहुंचकर युवक से पूछताछ की। युवक लद्दावाला का मुस्लिम युवक शादाब निकला। युवक के मुस्लिम होने की बात सामने आने के बाद वहां मौजूद लोगों ने उसके मुंह पर दो-चार चांटे लगा दिए। इसके बाद उसके साथ इश्क लड़ा रही हिंदू युवती उसे भाई बताकर उसकी बहन बनकर बचाते हुए दिखाई। बड़ी बात यह है कि इतनी सख्ती होने के बावजूद मुस्लिम युवकों को किसी प्रकार का कोई खौफ नहीं है और हिंदू युवती अपनी परिवार की इज्जत को दांव पर रखकर मुस्लिम युवकों के साथ इश्क फरमाने में बाज नहीं आ रही हैं। ऐसे ही युवक-युवतियों की वजह से किसी दिन शहर में कोई बड़ी घटना हो जाए, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल युवक को सिविल लाइन पुलिस को सौंप दिया गया। युवती को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए सजे मंदिर

**मुजफ्फरनगर, 13 फरवरी (बु.)।** महाशिवरात्रि के लिए शिवचौक समेत तमाम मंदिरों में जलाभिषेक की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचने वाले शिवभक्तों का सिलसिला आज भी जारी रहा। शिवचौक पर बैंड बजाकर उनका स्वागत किया। कई घंटे बैंड पर भक्ति गीतों की धुन

**कांवड़ियों का बम-बम घोष के बीच बैंडबाजे से स्वागत**

गूंजती रही। महाशिवरात्रि पर ठंड के मौसम में हालांकि काफी कम शिवभक्त चलते हैं। ऐसे में रुक-रुक कर टोलियां शिवचौक पर पहुंचती रहीं। यहां बैंड बाजों के साथ उनका स्वागत किया गया और घंटों तक यहां बैंड पर भक्तिगीत गूंजते रहे। शिवचौक समेत जिले के तमाम शिवालयों को महाशिवरात्रि के लिए भव्य ढंग से सजाया गया है। शिवचौक, गणपति धाम और अनंतेश्वर महादेव मंदिर पर भव्य आयोजन की भी तैयारी है। सुबह से ही वहां जालाभिषेक शुरू हो जाएगा। जिले में संभलहेडा के पंचमुखी महादेव मंदिर, जानसठ के महाभारत कालीन ज्ञानेश्वर मंदिर और सांक व फिरोजपुर के महादेव मंदिरों पर भी बड़ी संख्या में भक्त जुटेंगे। महाशिवरात्रि पर ही भोलेनाथ का विवाह माता पार्वती के साथ हुआ था। फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 15 फरवरी 2026 को शाम 5 बजकर 4 मिनट पर हो रही है। इस तिथि का समापन 16 फरवरी को शाम 5 बजकर 34 मिनट पर होगा। रविवार के दिन उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा और शाम 7:26 बजे तक श्रवण नक्षत्र का प्रवेश हो जाएगा। वहीं, शाम 7:26 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग का भी शुभ संयोग रहेगा, जिसे पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। महाशिवरात्रि पर नौ साल बाद पंचग्रही योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। बुद्धादित्य राजयोग में पूजा से मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा और बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, लक्ष्मी-नारायण योग में धन, समृद्धि, विलासिता और व्यापार में बड़ा लाभ, शुक्रादित्य योग में कलात्मक सफलता, सुख-सुविधाएं और सामाजिक वर्चस्व बढ़ेगा। तमाम मंदिरों व श्रद्धालुओं द्वारा इस मौके पर रुद्राभिषेक की तैयारी भी की जा रही है। तमाम मंदिरों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। कांवड़ियों के बीच आज सहारनपुर के कुलदीप सिंह व नीरज कुमार अपने कान्हा जी के साथ आकर्षण का केंद्र रहे। कान्हा जी आर्टिस्ट अपने साथ सुंदर ढंग से सजाए गए लड्डू गोपाल जी को साथ लेकर चले। यहां पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद वे अपने गंतव्य की ओर बढ़ गए। शिवभक्त पुरा महादेव समेत तमाम स्थानों पर शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे।



## पीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**चरथावल, 14 फरवरी (बु.)।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार थाना चरथावल पर दर्ज मुकदमा संख्या 18/ 2026 धारा 352/ 353(2) बीएनएस के तहत विवेचना के दौरान आरोपी जितेन्द्र पुत्र श्रीचंद निवासी घिस्सूखेड़ा का नाम प्रकाश में आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुटेसरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गोविन्द चौधरी ने मय पुलिस बल आरोपी के घर दबिश दी, जहां वह मौजूद मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी। चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया का कहना है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी।



## शामली में शराब नष्ट करते समय लगी आग : धमाके से 2 पुलिसकर्मियों समेत 4 लोग झुलसे, एक गंभीर, दिल्ली रेफर





**शामली, 14 फरवरी (एजेंसी)।** शामली जनपद के झिंझाना थाने में शराब नष्ट करने के दौरान एक हादसा हो गया। इस घटना में दो पुलिसकर्मी और दो चौकीदार सहित चार लोग आग लगने से झुलस गए। घायलों में एक चौकीदार की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कोर्ट के आदेश पर थाने में करीब 350 शराब की पेटियों को नष्ट करने की कार्रवाई की जा रही थी। इस दौरान कर्मचारियों ने एक प्लास्टिक के कट्टे में आग लगाकर शराब के बीच में डाल दी। जिससे शराब में आग लगी और धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि आग से हेड कांस्टेबल जॉनी और कांस्टेबल ललित कुमार और दो चौकीदार नवाब और सुनील झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आनन फानन में सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के समय थाना समाधान दिवस चल रहा था, जिसमें एसडीएम उन्न और कैराना सीओ भी मौजूद थे।

# कम्पनी को ऑर्डर कर धोखाधड़ी से पार्सल से 6.5 लाख के सोने के बिस्किट व सिक्के निकालने वाले तीन गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)।** नई मंडी कोतवाली पुलिस ने अमेजन से सोने के बिस्किट व सिक्के ऑर्डर कर धोखाधड़ी कर पार्सल से सामान निकालने वाले राजस्थान के एक गैंग के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लगभग 6.5 लाख रुपए के सोने के 2 बिस्किट, 2 सिक्के व 4 मोबाइल बरामद किए हैं। गैंग के 2 साथी फरार चल रहे हैं। यह गैंग कई जनपदों में इस तरह की वारदात को अंजाम दे चुका है। आरोपी डिलीवरी बॉय को पैसे का लालच देकर ऑर्डर को रास्ते में ही ले लेते हैं।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एम.एस. वाटर मेलन कम्पनी के सुपरवाईजर विनोद पाल ने थाने पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया बताया कि अमेजन कम्पनी से सोने के बिस्किट व सिक्के 5 पार्सल ऑर्डर किए गए थे, जिन्हें ब्लूडार्ट कम्पनी द्वारा दिए गए पते पर डिलीवर किया था। पार्सल मांगने वाले व्यक्ति ने डिलिवरी बॉय से सम्पर्क कर पार्सल ले लिए और पार्सल बॉक्स से धोखाधड़ी कर सोने के सिक्के व बिस्किट निकालकर खाली पार्सल वापस कर दिए। थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने टीम के साथ सहावली कट से दिनेश कुमार व सूर्या निवासीगण गांव बस्सी दोपुर थाना बस्सी, जयपुर राजस्थान व भूप सिंह निवासी गांव लुनियाबास थाना जामडोली, जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। गैंग में शामिल अशोक निवासी बस्सी दोपुर थाना बस्सी एवं हितेश निवासी दौसा राजस्थान अभी भी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 6.5 लाख के सोने के 2 सिक्के, 2 बिस्किट व 4 मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।



**डिलीवरी बॉय को पैसे का लालच देकर करते थे वारदात**

*मुजफ्फरनगर। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अपने फरार साथी अशोक व हितेश के साथ मिलकर अमेजन से सोने व चांदी के सिक्के व बिस्किट प्रीपेड ऑर्डर अलग-अलग शहर में अलग-अलग पतों पर मंगाते हैं। ऑर्डर करने के लिए गरीब व्यक्ति को लालच देकर उसकी आईडी पर सिम कार्ड खरीदकर ऑर्डर के लिए प्रयोग करते हैं। पहले 1000-2000 के सिल्वर के सिक्के ऑर्डर करते हैं और डिलीवरी बॉय से कैशबैक का बहाना देकर पार्सल वापस देकर कैंसिल करा देते हैं। कैशबैक मिलने वाले एक हजार रुपए में से 500 रुपए डिलीवरी बॉय को देने का लालच देते हैं। इसी तरह कम कीमत के सिक्के मंगाकर ऑर्डर कैंसिल कराकर डिलीवरी बॉय को आधे पैसे वापस देकर उसे अपने विश्वास में ले लेते हैं। उसके बाद उनका साथी अशोक अपने बैंक के खाते से अमेजन ऐप पर अधिक कीमत के गोल्ड सिक्के या बिस्किट ऑर्डर करता है। उसके बाद पार्सलों से सिक्के व बिस्किट चोरी कर कैशबैक में पैसे का लालच पार्सलों को पुनः पैक कर ऑर्डर कैंसिल करा देते हैं। जब तक कम्पनी को इस बारे में जानकारी होती है, तब तक आरोपी उस शहर से फरार हो जाते हैं। इसी तरह मंडी क्षेत्र में डिलीवरी बॉय को पैसे का लालच देकर आरोपियों ने सोने के बिस्किट व सिक्के चोरी किए थे। आरोपियों द्वारा मेरठ, गोरखपुर व प्रयागराज में घटना की थी।*

# फेसबुक पर पाकिस्तानी आतंकी की फोटो पोस्ट करने हरकत में आई पुलिस जांच के आदेश जारी

- बसेड़ा निवासी युवक ने पाकिस्तानी गैंगस्टर और आतंकी शहजाद भट्टी की फोटो और हथियार के साथ एक अन्य युवक की फोटो फेसबुक पर की थी वायरल
- सहारनपुर के गंगोह के रोहित प्रधान द्वारा फेसबुक के स्क्रीनशॉट के साथ शिकायत करने पर पुलिस महानिदेशक ने लिया था संज्ञान
- पुलिस युवक को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

**कैराना, 14 फरवरी (बु.)।** फेसबुक आईडी से पाकिस्तानी गैंगस्टर और आतंकी शहजाद भट्टी और एक अन्य युवक की हथियार के साथ पोस्ट वायरल करने पर पुलिस और खुफिया विभाग जांच में जुट गई है। पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पिछले दिनों एक युवक ने फेसबुक आईडी से पाकिस्तानी गैंगस्टर और आतंकी शहजाद भट्टी की फोटो पोस्ट की थी। इसके अलावा एक अन्य युवक की भी हथियारों के साथ फोटो पोस्ट की गई। मामले में एक्स ट्विटर पर पोस्ट की स्क्रीनशॉट के साथ शिकायत की गई थी, जिसमें बताया गया था कि पोस्ट करने वाला युवक कैराना थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा का रहने वाला है। मामले पर संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिदेशक लखनऊ ने शामली पुलिस को जांच और कार्यवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने क्षेत्राधिकारी कैराना, अच्छी तरह अधिकारी अपराध शामली, कैराना पुलिस और सर्विलांस की टीम को मामले में कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

### गंगोह के रोहित प्रधान ने मामले में की शिकायत

**कैराना।** फेसबुक आईडी मुशारिक मुशारिक द्वारा पाकिस्तानी आतंकी की फोटो और एक अन्य युवक की हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करने के बाद जनपद सहारनपुर के गंगोह के रोहित प्रधान ने 2 दिन पहले अपनी फेसबुक आईडी से शिकायत की थी। जिसमें बसेरा निवासी युवक द्वारा फेसबुक पर पाकिस्तानी गैंगस्टर और आतंकी शहजाद भट्टी और एक अन्य युवक की हथियारों के साथ फोटो का स्क्रीनशॉट पोस्ट करके लिखा था कि इस युवक के पाकिस्तान आतंकियों से संपर्क है। इसकी जांच करके कार्रवाई की जानी चाहिए।

### एआई द्वारा फोटो एडिट करने की बात आई सामने

**कैराना।** कोतवाली प्रभारी समय पाल अत्री ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। फोटो एआई द्वारा एडिट करके पोस्ट करने की बात सामने आई है। बता दें कि इस तरह का पोस्ट करना भी एक अपराध माना जाता है, लेकिन पुलिस इस तरह का ब्यान देकर अपना पल्ला झाड़ देती। हालांकि बात करे तो उक्त पोस्ट वायरल होने के बाद लखनऊ से मामले को तलब कर लिया गया है ।





### सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत

**बुढ़ाना/फुगाना, 14 फरवरी (बु.)।** सड़क हादसे के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी। देर रात समाचार लिखे जाने तक मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना मेरठ वाया करनाल हाइवे पर फ्लाई ओवर के नीचे सड़क पर हुई, जिसमें साइकिल पर सवार करीब 45 वर्षीय एक व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तब किसी के द्वारा सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस तुरन्त मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को सीएचसी बुढ़ाना ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तब फुगाना पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए हरसंभव प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव पर पंचनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### भोपा रोड पर डम्पर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर डम्पर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। देर रात बाइक सवार होकर सचिन निवासी भंडूरा थाना सिखेड़ा शहर से अपने गांव वापस जा रहा था। भोपा रोड पर सिल्वर टोन पेपर मिल के पास डम्पर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गयी। डम्पर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### खालापारी की फर्जी विधायक लिखी थार पुलिस ने की सीज

**मुजफ्फरनगर, 14 फरवरी (बु.)।** फुगाना पुलिस ने बुढ़ाना ब्लॉक के गांव लोई में विधायक लिखी एक थार गाड़ी को सीज कर दिया। गाड़ी शीशे पर 'विधायक' लिखा हुआ था। जांच में पता चला किया गाड़ी मालिक कोई विधायक नहीं है और उसने रौब गालिब करने के लिए फर्जी ढंग से विधायक लिखवा रखा है। गाड़ी खालापार के किसी व्यक्ति के नाम पर दर्ज है। सोमवार को एक ग्रामीण ने गांव लोई में खड़ी एक गाड़ी का एक वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो में थार गाड़ी पर 'विधायक' लिखा दिखाई दे रहा है। यह गाड़ी कई दिनों से गांव में देखी जा रही थी। गांव में कोई भी विधायक नहीं रहता है और न ही यह गाड़ी क्षेत्र के वर्तमान विधायक राजपाल सिंह बालियान से संबंधित है। फुगाना थाना प्रभारी विजय कुमार को इसकी सूचना मिलने के बाद उन्होंने तत्काल जांच के आदेश दिए। पुलिस टीम गांव लोई पहुंची और 'विधायक' लिखी थार गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। जांच में पता चला है कि गाड़ी खालापार के पते पर पंजीकृत है और इसके मालिक राव अब्दुल पुत्र राव अम्मार हैं। गाड़ी को सीज कर दिया गया है और आगे की जांच जारी है।



